वर्ष 38 अंक 175
पृष्ठ 24+4+4=32
लखनऊ, शनिवार
15 अप्रैल 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

गोमतीनगर की विभूतियां सम्मानित

जागरण संवददाता, लखनऊ: गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति के वार्षिकोत्सव में शुक्रवार मुख्य अतिथि शामिल हुए श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने 16 विभूतियों को सम्मानित किया। अध्यक्ष डा.बीएन सिंह की अध्यक्षता में गोमतीनगर के सीएमएस सभागार में आयोजित समारोह में महासमिति के पदाधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

कैबिनेट मंत्री ने उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति वीके दीक्षित, पूर्व आइएएस अधिकारी दिवाकर त्रिपाठी, अमल कुमार वर्मा, भोलानाथ तिवारी को सम्मानित किया। इसके अलावा प्रमुख सचिव सूचना अवनीश अवस्थी, पूर्व डीजीपी महेश चंद्र द्विवेदी, जीएन सिन्हा, सीएमएस संस्थापक जगदीश गांधी, एसकेडी सिंह, बीआर सिंह, डा. एके श्रीवास्तव, डा.भुवन चंद्र तिवारी, डा.सीबी कटियार, बीके सिंह, अलोपी शंकर व जेपी शर्मा को भी सम्मानित किया गया।